# कार्यालय जिलाधिकारी, ललितपुर

## जनपद ललितपुर में दिनांक–21.11.2025 को जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक–21.11.2025 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्रियान्वित 15 ग्राम समूह पेयजल योजनाओं एवं जल निगम की रेट्रोफिटिंग योजनाओं की प्रगति, विद्युत कनेक्शन, विद्युत आपूर्ति एवं समय वृद्धि के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में समीक्षा बैठक की गयी जिसमें निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित रहे–

01. अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे (ग्रामीण), ललितपुर।
02. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मडण्ल, ललितपुर।
03. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।
04. अधिशासी अधिकारी नगरपालिका, ललितपुर।
05. टीम लीडर थीम पी0एम0सी0, ललितपुर।
06. डी0पी0एम0 टी0पी0आई0, ललितपुर।
07. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स सुधाकरा इन्फ्राट्रक्चर प्रा0लि0 ललितपुर।
08. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रा प्रा0लि0 ललितपुर।
09. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स बृज इंजीनियरिंग वर्क बानको कन्सट्रक्शन प्रा0लि0 ललितपुर।
10. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट्स लि0, (जेएमसी–जेडब्लूएल) ललितपुर।
11. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स बानको कन्सट्रक्शन एण्ड गंगा इन्फ्राविल्ट प्रा0लि0 ललितपुर।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ने अधोहस्ताक्षरी को JJM पोर्टल पर जनपद ललितपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत किये जा रहे 15 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं की प्रगति, योजनाओं में सम्मिलित ग्रामों में जलापूर्ति, रोड रेस्टोरेशन एवं प्रत्येक कार्यदायी संस्थाओं की योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ने अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया कि जनपद ललितपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 15 ग्राम समूह पेयजल योजनाओं का क्रियान्वयन 5 कार्यदायी संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है। जिसमें से बिल्ला–मोगान ग्राम समूह पेयजल योजना वर्तमान में Trial & Run पर है एवं 14 ग्राम समूह पेयजल योजनाएं O&M में है। बिल्ला–मोगान ग्राम समूह पेयजल योजना का इन्टेक वेल भौंरट डैम पर निर्मित किया गया है। भौंरट डैम मे पर्याप्त जल स्तर न होने के कारण बिल्ला–मोगान योजना का कार्य प्रभावित है। वन विभाग से सिंचाई विभाग को अंतिम अनापत्ति नहीं मिलने के कारण भौंरट बांध में 354.5 मी0 तक आवश्यक जल नहीं भरा जा सकता।

अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे (ग्रामीण) एवं अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया कि स्वतन्त्र विद्युत कनेक्शन करने हेतु वन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले 21 स्थलों के सापेक्ष 19 कनेक्शन विद्युत विभाग द्वारा स्वतंत्र ऊर्जाकृत कर दिये गये है। 2 कनेक्शन वन क्षेत्र (धौर्रा ग्राम समूह पेयजल योजना के CWR- मुडारी एवं बालाबेहट) एवं 4 गैर–वन क्षेत्र (निवऊआ, बछलापुर, दावनी एवं जीरोन) के अन्तर्गत स्वतंत्र ऊर्जाकृत करना शेष है। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत विभाग द्वारा अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया कि CWR- मुडारी एवं बालाबेहट हेतु विद्युत संयोजन का कार्य प्रगति पर है। 700 पोल के सापेक्ष कुल 596 नग पोल अधिष्ठापित एवं 456 नग पोल पर तार खींच दिया गया है। अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ने अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया कि कचनौंदा, गौना–नाराहट एवं धौर्रा बालाबेहट ग्राम समूह पेयजल योजना में voltage fluctuation के कारण जलापूर्ति बाधित हो रही है जिसके लिए अधोहस्ताक्षरी ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि शीघ्र ही अवशेष कनेक्शनों को स्वतन्त्र ऊर्जाकृत करें एवं योजनाओं में हो रही voltage fluctuation की समस्या का निराकरण करें।


अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ने अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया कि चन्दावली ग्राम समूह पेयजल योजना की 6 टंकियां SCADA System पर प्रदर्शित नहीं हो रही है। सम्बन्धित अधोहस्ताक्षरी ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि शीघ्र ही समस्या का निराकरण करें, जिससे कि सभी टंकियां SCADA System पर सुचारू रूप से प्रदर्शित हो जिससे योजना की मॉनिटिरिंग की जा सके।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अधोहस्ताक्षरी को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्रियान्वित योजनाओं की समय वृद्धि करने के अनुमोदन हेतु निवेदन किया गया। इस सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को समय वृद्धि के लिए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। अधोहस्ताक्षरी ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) से योजना में सम्मिलित समस्त ग्रामों के हर घर जल प्रमाणीकरण के सम्बन्ध में पूछा गया। तत्पश्चात अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) ने अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया कि 36 ग्रामों के हर घर जल प्रमाणीकरण शेष है। जिसमें से 23 ग्राम बिल्ला–मोगान ग्राम समूह पेयजल योजना में सम्मिलित है। जो कि भौंरट डैम मे पर्याप्त जल

स्तर न होने के कारण प्रभावित है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी संस्था को बिल्ला–मोगान ग्राम समूह पेयजल योजना के ग्रामों में सुचारू रूप से जलापूर्ति करने एवं ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण शीघ्र कराने हेतु निर्देशित किया गया।

अपर जिलाधिकरी नमामि गंगे (ग्रामीण) एवं अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) ने अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया कि जाखलौन–बिरधा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत ग्राम सिवनी खुर्द MES के अधीन होने के कारण पाइप लाइन बिछाने में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) ने अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया कि सैदपुर कुम्हैड़ी ग्राम समूह पेयजल योजना में ड्रग फार्मा निर्माण के कारण बिछायी गयी पाइप लाइन PWD द्वारा सड़क चौड़ीकरण के दौरान क्षतिग्रस्त हो गयी है जिसके कारण योजना के 10 ग्रामों की जलापूर्ति बाधित है एवं गौना–नाराहट ग्राम समूह पेयजल योजना में NHAI के द्वारा कलवर्ट निर्माण के दौरान पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गयी है जिससे 12 ग्रामों की जलापूर्ति बाधित है। इस सम्बन्ध में जल निगम के द्वारा NHAI से क्षतिग्रस्त पाइप के भुगतान के लिए निवेदन किया गया था एवं NHAI के द्वारा पत्र संख्या–1975 दिनांक–19.11.2025 के द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी संस्था को शीघ्र पाइप की आपूर्ति करने एवं बिछाने हेतु निर्देशित किया गया जिससे कि योजनाओं के प्रभावित ग्रामों में जलापूर्ति शीघ्र प्रारम्भ की जा सके।



(सत्य प्रकाश)
जिलाधिकारी ललितपुर।

# कार्यालय जिलाधिकारी, ललितपुर

पत्रांक– 933/एम०सी० (नमामि गंगे) 2025-26 दिनांक 09-12–2025

**प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

01. जिलाधिकारी महोदय, ललितपुर।
02. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
03. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मडण्ल, ललितपुर।
04. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।
05. अधिशासी अभियंता खण्ड कार्यालय (वि0/यां0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी।
06. अधिशासी अधिकारी नगरपालिका, ललितपुर।
07. टीम लीडर थीम पी0एम0सी0, ललितपुर।
08. डी0पी0एम0 टी0पी0आई0, ललितपुर।
09. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स सुधाकरा इन्फ्राट्रक्चर प्रा0लि0 ललितपुर।
10. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रा प्रा0लि0 ललितपुर।
11. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स बृज इंजीनियरिंग वर्क बानको कन्सट्रक्शन प्रा0लि0 ललितपुर।
12. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट्स लि0, (जेएमसी–जेडब्लूएल) ललितपुर।
13. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स बानको कन्सट्रक्शन एण्ड गंगा इन्फ्राविल्ट प्रा0लि0 ललितपुर।

अपर जिलाधिकारी
ललितपुर।